

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17


# यशोन्नति


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें



वर्ष 8+15 अंक 105 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 13 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## जिले में तीन कन्या शिक्षा परिसर निर्माण के लिये 93 करोड़ स्वीकृत


सिवनी यशोः- प्रदेश सरकार के यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिवनी जिले के आदिवासी विकासखंड कुरई , छपारा एवं लखनादौन सुव्यवस्थित कन्या परिसरो के निर्माण के लिये 93 करोड़ रूपये की बड़ी सौगात दी है । उक्ताशय की जानकारी देते हुये भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने बताया कि प्रदेश के मु यमंत्री कार्यालय से उन्हें अवगत कराते हुये बताया गया है कि जिले तीनों स्थानों पर कन्या परिसर के निर्माण के लिये उक्त राशि स्वीकृत की जा चुकी है और प्रत्येक कन्या परिसर 31 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होंगे ।



भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने मु यमंत्री जी द्वारा बरघाट विधानसभा के कुरई, केवलारी विधानसभा के छपारा एवं लखनादौन विधानसभा के लखनादौन में कन्या परिसर के निर्माण के लिये स्वीकृति प्रदान की वह जिले की छात्राओं और आदिवासी छात्राओं की बेहतरी के लिये उपयोगी सिद्ध होगी । छात्र छात्राओं के लिये प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा निरंतर बेहतर काम किये जा रहे है प्रदेश के मु यमंत्री का भाजपा जिला अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया है ।

# अर्जुन काकोड़िया का उत्पात कांग्रेस की गले की फांस बन गया

सिवनी यशोः- बरघाट विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विवादित बयानबाजी कर भारी मुसीबत मोल ले ली है बैठे बिठाये विरोधियों को प्रभावी मुद्दा तो दे ही दिया है और अपने प्रति आमजनता में नाराजगी का वातावरण बना लिया है । हालांकि इस प्रकार की बयानबाजी और नफरत फैलानी भाषा का उपयोग उनके द्वारा पहली बार नहीं किया गया इसके पहले भी उनके द्वारा अनेक बार इस प्रकार के भड़काऊ भाषण दिये जा चुके है परंतु सिवनी जिला मु यालय में जिस तरह से उन्होंने उग्र भाषण देते हुये भारत को हिन्दु राष्ट्र नहीं बनने की बयानबाजी की है और उसके बाद सिवनी में रैली के दौरान आसामाजिक तत्वों द्वारा दहशत का वातावरण बनाया गया तथा सिवनी नगर को आक्रमक तरीके से बिना पूर्व सूचना के बंद कराया गया, व्यापारियों के साथ मारपीट, आमजनों के साथ अभद्रता और पुलिस कर्मियों को मारकर दौड़ाने जैसे कृत्य से पूरी कांग्रेस पार्टी आमजनता को स्पष्ट रूप से कोई जबाव देने की स्थिति में नहीं है । 09 अगस्त के घटना के लिये अर्जुन काकोड़िया की निंदा और पुतला दहन और पुलिस रिपोर्ट कराने आदि के लिये विरोधियों द्वारा कार्यवाही और प्रदर्शन तो हो ही रहे है इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी के संबंध में भी आमजनता में बहुत बुरी प्रतिक्रिया है और कांग्रेस इस संबंध में अपनी सफाई भी देने की स्थिति में नहीं है । हालांकि कांग्रेस दबी जवान से घटनाक्रम की निंदा कर रही है और कांग्रेस नेता मोहन सिंह चंदेल ने भी इस संबंध में बिना अर्जुन काकोड़िया का नाम लिये दोषियों को चिन्हित कर कार्यवाही की मांग की है और पुलिस तथा प्रशासन को उस दिन की घटना के लिये जि मेदार बताया है । अर्जुन काकोड़िया द्वारा चुनाव के निकट समय में किया गया उत्पात कांग्रेस की गले की फंस बन गया है ।





### श्रीराम सेना ने पुतला दहन कर ज्ञापन सौंपा

वही 09 अगस्त को अर्जुन काकोड़िया द्वारा दिये गये विवादित बयान को श्रीसेना ने दुर्भाग्यजनक बताते हुये । अर्जुन काकोड़िया का 12 अगस्त को छिंदवाड़ा चौक से कचहरी चौक तक रैली निकालकर विरोध किया और काकोड़िया के विरोध में जमकर भाषण बाजी करने साथ पुतला जलाया तथा बरघाट विधायक मुर्दाबाद के नारे लगते हुये महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा । श्रीराम सेना ने इस ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि बरघाट विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया के मार्गदर्शन में सिवनी नगर में शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास षडयंत पूर्व किया और अपनी विधानसभा क्षेत्र के नवयुवको को गुमराह कर विश्व आदिवासी दिवस के नाम पर एकत्रित कर उन्हें सिवनी का माहौल बिगड़ने के लिये उकसाया गया । श्रीराम सेना ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि बरघाट विधायक जैसे गरिमामय पद की गरिमा के विरुद्ध अर्जुन काकोड़िया ने कृत्य किया है उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द की जाये तथा आपराधिक कृत्य के लिये उन पर कार्यवाही के लिये प्रशासन को निर्देशित किया जाये । श्रीराम सेना के प्रदर्शन के दौरान बड़ी सं या में श्रीराम सेना के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।



### नरेश बरकड़े, काकोड़िया की सदबुद्धि के लिये हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे

इसी तरह बरघाट विधानसभा से अर्जुन काकोडिया के प्रतिद्वंद्वी रहे भाजपा नेता नरेश बरकडे ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सिवनी जिला मु यालय में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस था जिसको हम सभी आदिवासी वनवासी भाई शहादत दिवस के रूप मे मनाते हैं उस दिन बरघाट विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया ने इसकी आड़ मे सिवनी जिला मु यालय मे प्रायोजित दंगा, लूटपाट और मारपीट कराने और नफरत फैलाने काम किया वह निंदनीय है।

श्री बरकडे ने आगे कहा है कि हमारा प्रकृति पूजक शांति प्रिय आदिवासी समाज और अन्य समाजों के बीच में काकोडिया जैसे नेताओं की नफरत वाली मानसिकता से दूरी पैदा हो रही है और हमारा आदिवासी समाज बदनाम हो रहा है जिससे मैं बहुत आहत हूं और अर्जुन सिंह काकोडिया के इस कृत्य की मैं घोर निन्दा करता हूं। श्री बरकड़े ने यह भी कहा कि अर्जुन काकोड़िया को ईश्वर सदबुद्धि दे इसके लिये आगामी मंगलवार के दिन पीपलवाले हनुमानमंदिर कान्हीवाडा रोड बरघाट मे पूजन अर्चन कर सामाजिक समरसता और समाज मे भाईचारा के लिऐ उनके निवास के सामने हनुमान चालीसा पाठ करूंगा। जिसमे उन्होंने आमजनों से शामिल होने की अपील की है । श्री बरकडे ने अंत में जय बड़ादेव, जय श्रीराम, जय हिन्दू राष्ट का उद्घोष भी किया है।

श्री बरकडे ने वीडियो जारी कर बरघाट विधायक को ईसाई मिशनरियों को संरक्षण देने की बात भी कही है तथा काकोड़िया को बहुत कम बुद्धि का व्यक्ति बताया है और. कहा है जिन बच्चों को पढाने , रोजगार देने और उनके बेहतर भविष्य की चिंता करना चाहिए उन्हें अपराधी बनाने का काम विधायक कर रहे जो बेहद निंदनीय है। पुलिस के साथ मारपीट का भी विरोध किया है।

## चाकू से प्राण घातक हमला करने वाले आरोपीगण को पांच-पांच वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड

सिवनी यशोः-जिले के थाना अरी अंतर्गत मामला इस प्रकार है कि जगन्नाथ साहू पिता रामेश्वर साहू ने थाना अरी मे रिपोर्ट कराया कि उसका रिश्तेदार सुनील मदनकर पिता चैतराम मदनकर उम्र 28 वर्ष निवासी पोनिया जो दिनांक 03-02-2022 की रात्रि में शादी कार्यक्रम में ग्राम रैयतवाड़ी आया हुआ था करीब 9:30 बजे सुनील मदनकर को अज्ञात व्यक्तियों ने जान से खत्म करने की नियत से चाकू जैसी वस्तुओं से उसके गले में प्राणघातक हमला किया तथा दाहिने हाथ में भी चाकू से मारा जिससे सुनील मदनकर को गले एवं दाहिने हाथ में चोट आई जिससे खून निकला। घटना के बाद अज्ञात व्यक्ति अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल से कटंगी की ओर भाग गए तथा घायल सुनील मदनकर को इलाज के लिए सिवनी अस्पताल लेकर गया जहां डॉ टर साहब ने उसको नागपुर रेफर किया। घटना के समय मौके से गुजर रहे एक मोटरसाइकिल चालक ने हमला करने वाले व्यक्ति की मोटरसाइकिल का नंबर देख लिया था। जिसने पुलिस को वह नंबर बताया। उसके आधार पर आकाश आमागढ़े को पुलिस ने पकड़ कर पूछताछ की। जिसने अपराध स्वीकार करते हुए यह बताया कि उसके साथ रोहित गभने एवम दो नाबालिग लड़के भी थे।पुलिस ने आकाश,रोहित गभने एवं नाबालिग आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 40/2022 धारा 307 भादवि. के तहत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय जिला एवम सत्र न्यायाधीश सिवनी के न्यायालय में प्रस्तुत किया था। प्रदीप कुमार भौरे मीडिया सेल प्रभारी सिवनी ने बताया कि शासन की ओर से वरिष्ठ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी/विशेष लोक अभियोजक नवल किशोर सिंह ने न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत किए, साक्ष्य से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा दिनांक 11/08/2023 को आरोपीगण आकाश आमागढ़े पिता नंदकिशोर उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खैरलांजी थाना कटंगी जिला बालाघाट और रोहित गभने पिता लोकचंद उम्र 19 वर्ष निवासी टेकारी थाना कटंगी जिला बालाघाट को धारा 307 भादवि. मे 5-5 वर्ष की सश्रम कारावास एवं 3000-3000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। एव नाबालिग आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया है।

## ट्रक में अवैध परिवहन कर रहे 34 मवेशियों को पुलिस ने पकड़ा

सिवनी यशोः- शनिवार12 अगस्त 2023 को जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बंडोल थाना प्रभारी राजेश दुबे के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक अमर उइके, राजेश सरयाम, सुधीर डेहरिया, प्रदीप चौधरी, दीपेश रघुवंशी को प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल का जाल बिछाकर अवैध परिवहन कर रहे हैं मवेशियों से भरा ट्रक क्रमांक एमपी 28॥0181 जिसमें 34 नग गाय बैल जीवित बरामद किए गए थाना प्रभारी द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मवेशी को सुरक्षित गौशाला भेजा गया



## 13 से 15 अगस्त तक चलेगा %हर घर तिरंगा अभियान उचित मूल्य दुकानों से क्रय किए जा सकेंगे झण्डे

सिवनी यशोः- विगत वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त की अवधि में %हर घर तिरंगा अभियान% का क्रियांवयन किया जा रहा है। अभियान का मु य उद्देश्य देशवासियों को अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित कर जन सामान्य में देश भक्ति की भावना जागृत करना है। अभियान का उद्देश्य अधिकतम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अभियान अवधि में प्रत्येक घर, शासकीय-अशासकीय भवनों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में झंडा फहराना हैं। आमजनों तक झण्डा वितरण के लिए कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकानों को तिरंगा झण्डा विक्रय केन्द्र के रूप में उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से सशुल्क हितग्राही द्वारा झण्डा क्रय किया जा सकता है।

## एनसीसी के कैडेट्स ने किया हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जागरूकता रैली

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में आजादी का अमृत महोत्सव के समापन अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पीजी कालेज सिवनी की एनसीसी इकाई के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के लिए जागरूकता रैली निकाली गई।

एनसीसी अधिकारी लेि टनेंट पवन कुमार वासनिक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 13 से 15 अगस्त 2023 तक गत वर्षानुसार इस वर्ष भी हर घर तिरंगा फहराया जाना है। जिसकी जागरूकता के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग के मार्गदर्शन में आज एनसीसी इकाई के आव्हान पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के सफल संचालन में एनएसएस के जिला संगठक डॉ डी पी गवालवंशी , श्री अनिल बिंझिया व विधि महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थियों के साथ एनसीसी केडेट्स का उल्लेखनीय योगदान रहा



## कन्या भारती एवं किशोर भारती का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

सिवनी यशोः- 12 अगस्त को डॉ. अ बेडकर सभागार में किशोर भारती, कन्या भारती एवं बालभारती का गठन किया गया। गठन के उपरांत किशोर एवं कन्या भारती का शपथ ग्रहण समारोह मा. विनीत जी अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य के मु य आतिथ्य एवं संस्था प्राचार्य श्री ओमप्रकाश यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस शपथ ग्रहण समारोह में चुने गये पदाधिकारियों को अपने कर्तव्य की पूर्ति की शपथ दिलाई गई। किशोर भारती अध्यक्ष रामजी साहू, उपाध्यक्ष सिद्धांत त्रिवेदी, सचिव विनय प्रजापति, सहसचिव नैतिक शर्मा, सेनापति पवन भांगरे, उपसेनापति लक्ष्य यादव, अनुशासन प्रमुख वेदांश अहिरवार चुने गये। इसी प्रकार कन्या भारती अध्यक्ष बहिन खुशी पारधी, उपाध्यक्ष अनन्या नामदेव, सचिव चंचल राजपूत, सहसचिव सोनाली कुल्हाड़े, सेनापति प्रेरणा सोलंकी, उपसेनापति दिशा वर्मा एवं अनुशासन प्रमुख पूर्वी ठाकुर चुनी गई। किशोर एवं कन्या भारती निर्वाचन में श्री प्रकाश गुप्ता, श्रीमती सुधा दुबे, श्रीमती नीति पांडे ने प्रमुख भूमिका का निर्वाह किया।



### जबरन नॉलेज




## शनि मंदिर पलारी में आज हरियाली महोत्सव विधायक मुनमुन करेंगे ओपन जिम का लोकार्पण

सिवनी यशोः- जिला मु यालय से नागपुर मार्ग पर ग्राम पलारी की सुर य पहाडियों पर विराजमान भगवान शनि देव के सिद्ध धाम शनि मन्दिर में आज 13 अगस्त को विशाल हरियाली महोत्सव का आयोजन शनि धाम मन्दिर की महिला समिति के सौजन्य से किया जा रहा है। ट्रस्ट के सन्तोष अग्रवाल ने बताया कि वर्षो से इस वीरान पहाडियों को हरा भरा कर सेकड़ो पौधों का रोपण किया जा रहा है, आज इन दोनों पहाडियों में पेड़ो की सं या बढ़ जाने से पूरा क्षेत्र हरियाली से भरपूर हो गया है। शनिधाम में नक्षत्र वाटिका, नवग्रह वाटिका पहले से ही मौजूद है अब सिवनी विधायक मुनमुन राय के माध्यम से यहां कसरत करने के साथ बच्चों की फिटनेस बनाये रखने के लिये ओपन जिम भी उपलब्ध करायी गई है। आज 13 अगस्त की दोपहर 12 बजे से शाम 5 तक हरियाली महोत्सव कार्यक्रम में मुनमुन राय शामिल होंगे, इस दौरान वे यहां लगाई गई ओपन जिम का लोकार्पण भी करेंगे। ट्रस्ट ने बताया कि महोत्सव के दौरान महिलाओं के झूले, लोक गायन सहित कई कार्यक्रम रखे गए। इस विशाल आयोजन में जिला मु यालय व समीप के ग्रामीण अंचलों में सामाजिक व धार्मिक क्षेत्रों में कार्यरत लगभग 50 से अधिक महिला संगठन शामिल होंगे। शनि धाम ट्रस्ट महिला समिति ने महिलाओं के लिये आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के सभी नारी शक्तियों से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।




## सामाजिक समरसता मंच द्वारा कवि स मेलन 15 को

सिवनी यशोः- स्वतंत्रता महोत्सव के अंतर्गत सामाजिक समरसता मंच द्वारा 15 अगस्त को शाम 7 बजे भारत माता की आरती एवं विराट कवि स मेलन का आयोजन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चौक (छिंदवाड़ा चौक) में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। आयोजन समिति के सदस्य वीरेन्द्र डहेरिया ने बताया कि वर्षो की गुलामी के बाद अग्रेंजों से 15 अगस्त 1947 को पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त हुई इसीलिये यह दिन भारत या विदेश में रहने वाले प्रत्येक नागरिक के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। गत वर्ष स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण हुए। इस वर्ष यह 76 वॉ स्वतंत्रता दिवस है जिसमें हम हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और उनके द्वारा बलिदान किये गये जीवन को अपने हृदय में स्थान देकर उन्हें श्रद्धांजलि देने का अवसर है ।

भारत माता के वीर सपूत जिस दर्द से गुजरे हैं वह हमें याद दिलाता है कि आज हम जिस आजादी का आनंद ले रहे है उसके लिए लाखों वीर बलिदानियों का खून बहा है तब हमें यह स्वतंत्र जीवन प्राप्त हुआ है यह बलिदान भारत के प्रत्येक नागरिकों के अंदर देशभक्ति की भावना को जाग्रत रखता है इन्ही भावनाओं के साथ सामाजिक समरसता मंच द्वारा शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चौक में भारत माता की आरती एवं विराट कवि स मेलन का आयोजन साधु संतों और प्रत्येक समाज के प्रमुखों की उपस्थिति साथ ही सामाजिक, राजनैतिक संगठनों के प्रमुखों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया जाना है सामाजिक समरसता मंच सभी से भारत माता की आरती में उपस्थित होने की अपील करता है।

इस कवि स मेलन में कवि संजय समर्पित बरघाट, महेन्द्र प्रताप सिंह सतना, विजय विश्वकर्मा जबलपुर, विनोद सनोडिया अमरवाडा, अरूण चौरसिया सिवनी, नरेन्द्र चट्टान सिवनी, मुकेश मनमौजी छपारा, सुरेन्द्र सिसोदिया कुरई, भारत बटोही कुरई, अनीश कौसर सिवनी, आरके चतुर्वेदी सिवनी, अ बिका शर्मा सिवनी उपस्थित रहेगे।

# ए.आई. की शिक्षा स्कूल से ही दी जायेगी -मंत्री सखलेचा

### इंडिया डिजिटल इ पॉवरमेंट मीट और पुरस्कार वितरण समारोह का मंत्री सखलेचा ने किया उद्घाटन

भोपाल। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा है कि दुनिया में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंट जैसी तकनीक से मध्यप्रदेश को जोड़ने के लिए स्कूल स्तर से ही ए.आई. को पाठ्यक्रम में शामिल कर बच्चों को पढ़ाया जायेगा। मंत्री श्री सखलेचा शुक्रवार को होटल मेरियट में एपीएसी के चौथे इंडिया डिजिटल इ पॉवरमेंट मीट और पुरस्कार वितरण के मध्यप्रदेश संस्करण का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। मध्यप्रदेश स्टेट इले ट्रानिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक श्री अभिजीत अग्रवाल, पूर्व रक्षा सचिव श्री अजय कुमार सहित एपीसी के पदाधिकारी और 10 राज्यों से आए प्रतिनिधि स मलित हुए।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि मध्यप्रदेश ने नित बदलती तकनीक को चुनौती के रूप में लिया है और प्रदेश के युवा देश-विदेश में अपने कौशल तथा ज्ञान से धाक जमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के सॉ टवेयर को रिकॉर्ड एक माह में तैयार कर गाँव-गाँव तक पहुँचाकर अगले एक माह में एक करोड़ 25 लाख बहनों के फार्म ऑनलाइन भरवाने में जो सफलता मिली है, वह प्रदेश को प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनाता है। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना भी एक मिसाल है।

मंत्री श्री सखलेचा ने इस तरह की शंकाओं को निराधार बताया, जिसमें दावा किया गया है कि ए.आई. से रोजगार घटेंगे। उन्होंने कहा कि ए.आई. से रोजगार की भरमार होगी, बस काम का तरीका बदल जाएगा। जो इस तकनीक में पारंगत होंगे उन्हें जॉब की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आज ऑनलाइन डाटा ही व्यवहार में हैं और डिजिटली लेन-देन में सभी तरह की अनियमितता रूकी है।

श्री सखलेचा ने कहा कि तकनीकी के भरपूर उपयोग से विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र जावद के सभी 40 हाई स्कूल में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंट की पढ़ाई प्रारंभ की है। उन्होंने बताया कि उनकी 100 फीसदी आबादी टेली-मेडिसन से जुड़ी है और यही तकनीक का कमाल है। उन्होंने विशेषज्ञों से मध्यप्रदेश की मित्र नीतियों से जुड़ने का आव्हान किया।

इससे पहले पूर्व रक्षा सचिव श्री अजय कुमार ने कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ते हुए कहा कि हमें नित बदल रही तकनीक को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ए.आई. को चुनौती के रूप में स्वीकार कर अवसर में बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ए.आई. में एक करोड़ से अधिक जॉब पैदा हुए हैं। कार्यक्रम में एमपीएसईडीसी के महाप्रबंधक श्री अभिजीत अग्रवाल ने स्वागत भाषण में इस समारोह के लिए मध्यप्रदेश को चुनने के लिए आयोजकों को धन्यवाद भी दिया। इससे पहले मंत्री श्री सखलेचा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# टुकड़े टुकड़े पाकिस्तान - 8

## खैबर प तुन वा - 3

- प्रशांत पोळ

'उमर दौड़ खटक' ने पाकिस्तानी सेना पर आरोप लगाया हैं, की 'वे (पाकिस्तानी सेना), वजीरिस्तान और स्वात इलाके की पश्तूनी महिलाओं को, 'हवस का गुलाम' बनाकर रखती हैं. उसका कहना हैं की सैकड़ों की सं या में पश्तूनी महिलाओं को पाकिस्तानी सेना ने, उनका काम होने के बाद, लाहौर के वेश्यालयों में भेज दिया हैं।'

उमर दौड़ खटक अनेकों बार भारत आ चुका हैं. पूरे पश्तुनिस्तान में फैले विद्रोह का, पाकिस्तान के प्रति गुस्से का, वो प्रतिक हैं...!

इस्लामाबाद के बैठे पाकिस्तानी शासकों के खिलाफ, खैबर प तूनवा के लड़ाकू पठानों ने हमेशा ही आवाज बुलंद की हैं. और इस्लामाबाद की सरकार ने उन्हे हमेशा ही दबाने की कोशिश की हैं। पाकिस्तानी सरकार के विरोध के आंदोलनों की इस शृंखला में 2014 से एक जबरदस्त नाम सामने आ रहा हैं ङ्क 'प तून तह फुज मूवमेंट' (क्क्षरू), अर्थात 'प तून रक्षा आंदोलन'. डेरा इस्माइल खान की 'गोमल यूनिवर्सिटी' में पढ़ने वाले आठ लड़कों ने, लगभग आठ ङ्क नौ वर्ष पहले यह आंदोलन खड़ा किया. पहले इसका नाम 'महसूद तह फुज' था. महसूद यह वज़ीरिस्तान की एक जनजाति का नाम हैं, जिसके अधिकतर छात्र, गोमल यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे।

लेकिन 13 जनवरी, 2018 को इस आंदोलन के एक नेता, नकिबुल्लाह महसूद को पुलिस ने कराची में एक झूठे एनकाउंटर में मार गिराया. इससे छात्रों का गुस्सा भड़का और आंदोलन भी पूरे प्रदेश में फ़ैल गया. आंदोलन के इस फैलाव के बाद, इसके नाम में से महसूद शब्द हटाकर, 'प तून' कर दिया गया. आज यह आंदोलन खैबर प तूनवा के साथ, बलूचिस्तान प्रांत में भी फ़ैल रहा हैं. इसे पाकिस्तानी, 'पी टी एम' (Pashtun Tahafuz Movement) इस नाम से जानते हैं।

दिनांक 26 मई, 2019 को, नॉर्थ वज़ीरिस्तान जिले के खारकमर मिलिट्री चेक पोस्ट पर, पी टी एम के, शासन विरोधी प्रदर्शन चल रहे थे. आंदोलन में लग रहे नारों से बौखलाकर पाकिस्तानी सेना ने इन प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंद गोलियां चलाई. इसमे पी टी एम के 13 कार्यकर्ता मारे गए और 25 गंभीर रूप से ज मी हुए. इसकी जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई. पाकिस्तानी सेना के विरोध में प्रदर्शन तीव्र होने लगे. पाकिस्तानी सेना ने पी टी एम के धाकड़ सांसद, आली वझीर और मोहसीन डावर को गिर तार किया. 21 सितंबर तक ये दोनों, सेना के जेल में रहे. लेकिन विरोध का आंदोलन रुकने का नाम ही नहीं ले रहा था. आखिरकार पड़ोसी देश भारत, जब अपना गणतंत्र दिवस मना रहा था, अर्थात 26 जनवरी 2020 को, पाकिस्तानी पुलिस ने, पी टी एम के निर्विवाद नेता, 'मंजूर पश्तिन' को पेशावर से उठा लिया।




'मंजूर पश्तिन' यह खैबर प तून वा के लोगों की आवाज हैं. वे मानव अधिकार कार्यकर्ता हैं. उन्हे पाकिस्तान में तथा पाश्चात्य मीडिया मे, 'नया फ्रंटीयर गांधी' कहा जाता हैं. मात्र 26 वर्ष की आयु का यह लड़का, पूरे पी टी एम का नेतृत्व करता होगा, ऐसा लगता नही. मंजूर पश्तिन, एक उजबेकि टोपी पहनता हैं, उसे माझरी हैट कहते हैं. पशतुनी युवाओं में यह टोपी इतनी ज्यादा लोकप्रिय हो गई हैं, की लोग उसे अब मंजूर के नाम से 'पश्तिन टोपी (Pashtin Hat) कहने लगे हैं. मंजूर पश्तिन को मानने वाले लाखों कार्यकर्ता खैबर प तूनवा में हैं. इसलिए 26 जनवरी की गिर तारी के तुरंत बाद, पी टी एम के दो सांसद, अली वझीर और मोहसीन डावर ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किए।

पाकिस्तान में 3 से 4 करोड़ पश्तुन रहते हैं. आज उनका सर्वमान्य नेता, मंजूर पश्तिन हैं. पाकिस्तान की सरकार और पाकिस्तानी सेना, इस छब्बीस वर्षीय युवा नेता से इतनी ज्यादा डरी हुई हैं, की वह उसे जेल के बाहर देखना पसंद नही करती. पाकिस्तान सरकार को लगता हैं की शायद मंजूर पश्तिन को गिर तार कर के, वे पी टी एम का आंदोलन कुचल देंगे. लेकिन ऐसा संभव नही हैं. आज तक, पाकिस्तान की सेना और पुलिस से लड़ते हुए, पचास हजार से ज्यादा पश्तुन, मारे गए हैं. पाकिस्तान की सेना, पूरे बर्बरता के साथ, इस आंदोलन को कुचलना चाहती हैं।

अभी कुछ महीने पहले, इमरान खान को गिर तार करने के बाद लोगों का गुस्सा पाकिस्तानी सेना पर फूट पड़ा था. इस घटना को छोड़ दे, तो पाकिस्तान में सेना के विरोध में बोलना बहुत बड़ा साहस माना जाता हैं. लेकिन मंजूर पश्तीन खुल कर सेना के विरोध में बोलते हैं. अभी कुछ दिन पहले एक रैली में उन्होंने कहा था, ÷हमे बर्बाद करने वाली जगह हमे पहचानना होगी. और वह जगह हैं — जी एच ` यू (अर्थात पाकिस्तान का सेना मु यालय!)"

इस समय 'पश्तून तहफुज मूवमेंट' (पीटीएम) के साथ मिलकर मंजूर पश्तून काम कर रहे हैं. कुछ महीने पहले, जब पी टी एम के नेता आली वजीर को दो साल कैद में रखने के बाद रिहा किया गया, तो उनके स्वागत में लाखों लोगों ने रैली की. इस रैली को मंजूर पश्तीन और मंसूर पश्तीन ने संबोधित किया।

सारा वज़ीरिस्तान इस समय असंतोष की आग में उबल रहा हैं. पश्तुनों के मानव अधिकारों से प्रारंभ यह आंदोलन अब पुरजोर तरीके से, 'स्वतंत्र पश्तूनिस्तान' की मांग कर रहा हैं. ऐसे समय में मंजूर पश्तिन को गिर तार करना, सन 1971 में बंगाल के 'अवामी लीग' के नेता, शेख मुजीबुर रहमान की गिर तारी याद दिलाता हैं. इसलिए पाकिस्तान सरकार भी उन्हे गिर तार करने में हिचक रही हैं. इसके कारण इस पूरे प्रदेश का वातावरण बिगड़ा हैं. किसी जमाने में बौद्ध धर्म का यह गढ़, आज आतंकवादियों के विभिन्न गुटों की युद्ध भूमि बना हुआ हैं।

'पश्तून तहफ़ूज मूवमेंट' (क्क्षरू) के सहसंस्थापक मोहसीन डावर, यह पाकिस्तान की नेशनल असेंबली (अपनी भाषा में 'लोकसभा') के सदस्य हैं. स्वतंत्र पश्तूनीस्तान के प्रबल समर्थक, मोहसीन डावर ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में एक संविधान संशोधन का बिल लाया था, जिसमे 'खैबर प तूनवा' नाम से 'खैबर' शब्द को हटाने की मांग थी. किन्तु अलग से प तूनवा या पश्तूनीस्तान की मांग में अफगानिस्तान यह भी एक मुद्दा हैं. अफगानिस्तान में लगभग 45 प्रतिशत पश्तून हैं. इसलिए अफगानिस्तान भी अपना हक पश्तूनीस्तान पर जताता हैं. तालिबान, पेशावर और प तूनवा के क्षेत्र में अपनी घुसपैठ बढ़ा रहा हैं. इसी कारण से स्वतंत्र पश्तूनीस्तान का मुद्दा थोड़ा जटील बन गया हैं।

अभी 30 जुलाई, 2023 को, खैबर प तुन वा के बाजौर जिले के खार गाव में 'जमात उलेमा-ए-इस्लाम' की रॅली मे एक आत्मघाती (सुसाइड) आतंकवादी ने बम से 56 लोगों को उड़ा दिया. दो सौ से ज्यादा, गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

इसका अर्थ इतना ही हैं, की पाकिस्तानी सेना को, इस प्रदेश को अपने नियंत्रण में रखना, दिन-ब-दिन कठीन होता जा रहा हैं, और बहुत ज्यादा दिन तक यह प्रदेश पाकिस्तान के साथ जुड़कर रहेगा, ऐसा लगता नहीं हैं..!

(क्रमशः)

# आने वाला जमाना बहनों का है : मु यमंत्री चौहान

**लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 3 हजार रुपए कर दी जाएगी**

**17 अगस्त को दूसरे गाँव पढ़ने जाने वाले बच्चों के लिये साइकिल की राशि वितरित की जायेगी**

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में जनता की जिंदगी बदलने का अभियान जारी रहेगा। आने वाला जमाना बहनों का है। बहनों की जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उनकी जिंदगी में किसी भी तरह का दुख, तकलीफ और कष्ट नहीं रहने दिया जाएगा। लाड़ली बहना योजना में एक हजार रुपए से बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रति माह कर दिए जाएंगे। दूसरे गाँव पढ़ने जाने वाले बच्चों के लिये साइकिल के लिये आगामी 17 अगस्त को राशि अंतरित की जायेगी।

मु यमंत्री श्री चौहान भिण्ड जिले के लहार में लाड़ली बहना स मेलन और विकास पर्व के अंतर्गत 559 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद भदौरिया, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया, सांसद श्रीमती संध्या राय, विधायक भिंड श्री संजीव सिंह कुशवाहा, जनप्रतिनिधि और बड़ी सं या में बहनें तथा आमजन उपस्थित थे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेटा और बेटियों को बराबर मानना चाहिए। बिना बहन- बेटियों के यह सृष्टि नहीं चल सकती है। बेटे-बेटियों में भेदभाव नहीं होना चाहिए। मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू की गई है, जिससे प्रदेश में जन्म लेने वाली बेटी लखपति होगी। बेटियों के लिए पुलिस, शिक्षकों और अन्य सरकारी पदों में आरक्षण की व्यवस्था की गई है। स्थानीय निकायों के चुनाव में भी आरक्षण दिया जा रहा है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में लागू मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के माध्यम से सवा करोड़ बहनों के खातों में हर माह एक-एक हजार रुपए की राशि डाली जा रही है। यह राशि केवल पैसा नहीं बल्कि बहनों का स मान है। वे 27 अगस्त को रक्षाबंधन से पहले लाड़ली बहनों से एक बार पुन-संवाद करेंगे। प्रदेश की सभी बहनें दोपहर में 2 बजे अपने- अपने गांव से वर्चुअली जरूर शामिल हों।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों पर अगर कोई गलत नजर से देखेगा या दुराचार करेगा तो फांसी के फंदे पर लटका दिया जाएगा और उसके मकान को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चलाया जाएगा। 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को स्कूटर और बेटी को ई-स्कूटी दिलाई जाएगी। प्रतिभाशाली बच्चों को बिना भेदभाव के आईआईटी, मेडिकल और इंजीनियरिंग, कानून की पढ़ाई के लिए उनकी फीस राज्य सरकार द्वारा भरवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी एक लाख भर्तियों का अभियान जारी है। पचास हजार पदों पर और भर्ती की जाएगी। सरकारी नौकरियों में भर्ती लगातार जारी रहेगी। स्वरोजगार के लिए मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना का लाभ दिया जाएगा। सीखो कमाओ योजना के तहत काम सीखने के दौरान युवाओं को 8 हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली, वैभव शाली और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है।

**अतीत बदलकर वर्तमान को बेहतर बनाया है मु यमंत्री ने**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मु यमंत्री श्री चौहान ने अतीत बदलकर वर्तमान को बेहतर बनाया है और मध्यप्रदेश का भविष्य उज्जवल करने का कार्य कर रहे हैं। मु यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना लाकर बहनों-बेटियों की सं या और स मान में वृद्धि की है। मु यमंत्री श्री चौहान बहनों के भाई या बेटियों के मामा के रूप में कार्य कर रहे हैं। लाड़ली बहना योजना के तहत एक हजार रुपए प्रतिमाह देकर बहनों को सशक्त बनाया जा रहा है। मु यमंत्री श्री चौहान ने किसानों का ब्याज माफ कर उनका बोझ कम किया है। श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान स मान निधि और मु यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 12 हजार रुपए की राशि दी जा रही है।

**559 करोड़ रूपये से अधिक 367 विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण**

मु यमंत्री चौहान ने आज भिण्ड जिले की तहसील लहार में 559 करोड़ रूपये से अधिक लागत के कुल 367 विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया।

इसमें लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के 71 करोड़ 55 लाख लागत के 3 विकास कार्य, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम के 70 करोड़ 04 लाख लागत के 2 सीएम राईज स्कूल, लोक निर्माण विभाग पीआईयू के 17 करोड़ 79 लाख लागत के 6 विकास कार्य, म.प्र. ग्रह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के 1 करोड़ 7 लाख लागत का शौर्य स्मारक एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 261 करोड़ 51 लाख 80 हजार लागत के 324 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

# सीधी में बड़ा हादसा, ट्रक और बस की भयंकर टक्कर, 40 से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर

सीधी। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया है. रीवा से सिंगरौली जा रही बस हादसे का शिकार हो गई. बस सामने से आ रहे तेज र तार ट्रक से जाकर भिड़ गई. हादसे के वक्त बस में करीब 80 से ज्यादा लोग सवार थे. बताया जा रहा है कि 40 से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है. सभी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह हादसा रीवा-सीधी मु य मार्ग सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बढौरा के पास हुआ.

बस रीवा से सिंगरौली जा रही थी तभी रास्ते में हादसा हो गया. हादसे में 6 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना के बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा. वहीं गंभीर लोगों को सीधी रेफर कर दिया गया. हादसे में घायल हुए लोगों का सीधी जिला प्रशासन में भर्ती कराया गया है. बस ले कुछ मासूम बच्चे भी सवार ,थे जिनको भी छोटे आई हैं. कुछ व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट ले जाया गया है. उनका इलाज चल रहा है. जानकारी के अनुसार, यह घटना देर रात्रि की बताई जा रही है.

**इस वजह से हुआ हादसा**

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस पूरी तरह भरी हुई थी. करीब 50 से ज्यादा लोग भी सवार थे. बताया जा रहा है कि कई लोगों के हाथ-पैर भी टूट गए हैं. कुछ लोगों को खिड़की तोड़कर बाहर निकाला गया. चुरहट थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि हादसे में ट्रक ड्राइवर की लापरवाही सामने आ रही है. बताया जा रहा है कि गाय को बचाने के चक्कर में ट्रक बस से जाकर भिड़ गई.

# स्व के लिए पूर्णाहुति :महान् क्रांतिकारी खुदीराम बोस

**(बलिदान दिवस पर सादर समर्पित)**

**डॉ आनंद सिंह राणा**

'एक बार विदाई दे माँ, घूरे आसी..हंसी हंसी पोरबो फांसी देखबे भारतबासी (ओ माँ मुझे एक बार विदा दो तनिक घूमकर आता हूँ..हँसता हँसता फांसी के फंदे में चढ़ जाऊंगा और सारे भारतवासी देखेंगे)महान् क्रांतिकारी खुदीराम बोस की ये पंक्तियाँ जहाँ एक मार्मिक संवेदना उत्पन्न करती हैं तो दूसरी बरतानिया सरकार के विरुद्ध स्व के लिए सर्वस्व अर्पित करने की प्रेरणा देती हैं। सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के उपरांत महारथी खुदीराम बोस ही प्रथम क्रांतिकारी थे जो सबसे कम उम्र( 18 वर्ष 8 माह 8 दिन )में फाँसी पर चढ़ा दिये गये थे। स्वाधीनता संग्राम के क्रांतिकारी रणबांकुरे कौन थे?वे लोग कोई और ही थे। कौन थे ये दीवाने, कौन थे वे पागल, जिन्हें केवल एक प्रेम, देश प्रेम था। जिन्हें केवल एक धुन राष्ट्र धुन थी और जिनका केवल एक लक्ष्य था भारत मां की स्वतंत्रता! फिर चाहे स्वयं का शरीर बेड़ियों में जकड़ कर कोड़ों से` यों ने उधेड़ दिया, जाए लेकिन तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें गाते हुए फांसी झूल जाने वाले कई नामों को हम जानते भी नहीं। जिन्हें जानते हैं उन्हें भी प्रकारांतर से कभी आतंकवादी, लुटेरा डकैत और फासिस्ट कहा गया। इसी कड़ी में खुदीराम बोस भी आते हैं।18 साल 8 माह 8 दिन की बांकी उम्र में फांसी का फंदा चूम लिया। इस उम्र में जब आज के अधिकतर नौजवान यारी-दोस्ती और मौज-मस्ती को ही जीवन का ध्येय और पर्याय समझ रहे होते हैं तबएक समय में इसी उम्र का नौजवान हाथ में गीता लेकर भारत माता की जय बोलते हुए फांसी के फंदे पर झूल गया। इस महारथी का नाम था खुदीराम बोस।

पं. बंगाल के मिदनापुर जिले में बाबू त्रैलो यनाथ बोस धर्मात्मा कायस्थ थे। उनकी पत्नी लक्ष्मीप्रिया देवी भी एक हाथ से धैर्य-धर्म को थामें रखतीं और दूसरे हाथ में स्वदेश प्रेम की डोर लिए चलतीं। यह शुभ संस्कारों का ही प्रभाव था कि 3 दिस बर 1889 के दिन जब बोस दंपती के घर बालक ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा खुदीरामअर्थात् शुभ लक्षणों वाला यह राम खुद्दारी की परिभाषा सार्थक करने वाला था। तो फिर वह अंग्रेजों की दासता को कैसे स्वीकार कर लेता।जैसे उजियारे पक्ष का चंद्रमा एक-एक रोज




करके बढ़ता रहता है, बालक भी एक-एक वर्ष बढ़ता गया और हर उम्र के साथ उसमें देश को स्वतंत्र करा लेने की जिजीविषा बढ़ती गई। यह जिजीविषा एक दिन इतनी बढ़ी की नवीं कक्षा के छात्र खुदीराम बोस ने पढ़ाई छोड़ दी और स्वदेशी आंदोलन में कूद पड़े। परंतु यह केवल प्रारंभ था, बालक बोस को अभी लंबी दूरी तय करनी थी।

स्वदेशी आंदोलन जारी तो था, लेकिन बोस के विचारों में केवल इतना होना ही पर्याप्त नहीं था। यह आवश्यक था कि समग्र जनता में चेतना आए और वह घरों से निकल पड़ें और बरतानिया शासन को जड़ से उखाड़ फेकें। स्वदेशी आंदोलन में अनेक ऐसे ही क्रांतिकारियों का साथ बोस को मिला और मां के सपूतों का कारवां बढ़ चला। सन् 1906 में अंग्रेज सिपाही को मुक्कामारने के साथ ही खुदीराम बोस में क्रांतिकारी बदलाव आया। मिदनापुर में एक औद्योगिक तथा कृषि प्रदर्शनी लगी हुई थी। खुदीराम ने इस प्रदर्शनी में आए लोगों को सोनार बांग्ला जिसे कि सत्येंद्रनाथ ने लिखा था। यह बेहद ज्वलंत विषय पर लिखा गया पत्रक था। एक पुलिस वाले ने उन्हें यह पत्र बांटते देखा तो पकड़ने दौड़ा,तेजतर्रार खुदीराम बोस ने सिपाही के मुंह पर घूंसा मार दिया और पत्रक को लेकर वहां से आसानी से भाग निकले। प्रकरण पर अभियोग चलाया गया, लेकिन गवाह न मिलने पर बोस निर्दोष छूट गए।

सन् 1905 में अंग्रेजों ने बंगाल का विभाजन कर दिया गया। लॉर्ड कर्जन इसे अंजाम देने वाला था, जिसके विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए थे। इन क्रांतिकारियों के दमन के लिए मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड को भेजा गया। किंग्सफोर्ड के दमनकारी तरीके बेहद` रूर थे। उसने कई निर्दोषों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। अंग्रेजी सरकार ने इस दरिंदे को बदले में स मान देकर मुज फरपुर में सत्र न्यायाधीश बना दिया।अतः युगांतर समिति ने बदले की योजना बनाई।बंगाल में क्रांतिकारियों की एक समिति युगांतर इस पूरी दमनकारी नीति से रोष में थी। बोस पहले ही इससे जुड़ चुके थे। एक गुप्त बैठक में तय हुआ कि किंग्सफोर्ड को उसके किए की सजा तो मिलनी ही चाहिये और तब दो नाम क्रमशःप्रफुल्लकुमार चाकी और खुदीराम बोस के तय हुए। खुदीराम को एक बम और पिस्तौल दी गई। प्रफुल्लकुमार को भी एक पिस्तौल दी गई। अब दोनों को अपना लक्ष्य साधने के लिए रवाना किया गया। किंग्सफोर्ड को भी अपने विरुद्ध हो रही इस योजना की जानकारी कहीं से मिल गई थी। दोनों ही क्रांतिकारी बेहद सतर्क थे,सबसे पहले दोनों ने किंग्स फोर्ड के बंगले की निगरानी की।

बघ्घी और घोड़े की पहचान की, खुदीराम तो किंग्स फोर्ड के कार्यालय तक भी हो आए थे। अगले दिन योजना के अनुसार दोनों अपनी-अपनी जगह तैनात हो गए। 30 अप्रैल 1908. को दोनों क्रांतिकारी किंग्सफोर्ड के बंगले के बाहर जमे हुए थे। रात साढ़े आठ बजे लब से एक बघ्घी निकली, खुदीराम बोस उसके पीछे भागने लगे।रास्ते में अंधेरा था, उन्होंने निशाना साधकर आगे जा रही बघ्घी पर बम फेंक दिया। यह सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद हिंदुस्तान में किया गया पहले बम विस्फोट के तौर पर देखा जा सकता है।इतिहासकारों के अनुसार , इसकी आवाज तब तीन मील दूर तक सुनी गई और फिर कुछ दिनों बाद तो लंदन तक में सुनी गई। लेकिन सौभाग्य से उस दिन किंग्सफोर्ड बच गया` योंकि उसकी बघ्घी लब से कुछ देर बाद निकली थी।

खुदीराम तथा प्रफुल्लकुमार दोनों ही रातों - रात नंगे पैर 24 मील भागते चले गए और वैनी रेलवे स्टेशन जाकर रुके। अंग्रेज अफसर भी चुप नहीं बैठे थे। वैनी स्टेशन पर उन्हें घेर लिया गया। प्रफुल्लकुमार चाकी ने युगांतर का कोई भेद न खुल जाए इसलिए खुद को गोली मारकर वीरगति का मुख चूमा। इधर खुदीराम बोस गिर तार कर लिए गएकई बार अंग्रेजों को छकाने वाले खुदीराम को अब अंग्रेज नहीं छोड़ने वाले थे, इसलिए 11 अगस्त 1908 को उन्हें फांसी दे दी गई। खुदीराम बोस की वीरगति का असर भारत के नौजवानों पर ऐसा पड़ा कि बोस क्रांतिकारी वीरता के पर्याय बन गए। उनका नाम लेकर नौजवान स्वाधीनता की कसमें खाने लगे और बंगाल में लड़के खुदीराम नाम लिखी किनारी की धोती पहनने लगे थे। यह धोती स्वदेशी और स्वतंत्रता आंदोलन का पर्याय बन गई।

आज जो हम तिरंगा लहरा रहे हैं और उसकी छांव के नीचे खड़े हैं, इसके भगवा रंग में वीर अमर बलिदानी खुदीराम बोस का लहू शामिल है। सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में सबसे कम 13 वर्ष की उम्र में महान् वीरांगना मैना बाई का बलिदान हुआ था। यद्यपि 1872 में कूका आंदोलन में 68 सेनानी बलिदान हुए थे जिसमें 13 वर्ष का बालक जिसका 50 वां नं वह लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर कावन की दाढ़ी पकड़ ली थी और तब तक नहीं छोड़ी जब तक उसके हाथ नहीं काट दिए गए फिर उसका बलिदान हुआ, यह उस समय तक का सबसे कम उम्र में बलिदान था परंतु दुर्भाग्य है कि बड़े नामों के आगे इस बालक का नाम ज्ञात नहीं है जो शोध का विषय है तथापि अब 12 वर्षीय महारथी बाजी राऊत का नाम सबसे कम उम्र में बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में दर्ज है (सन् 1938)। उपरोक्तानुसार अज्ञात महारथी बालक को तोप के मुंह बांधकर उड़ाया गया था और महारथी बाजी राऊत गोलियों से भून दिया गया था। अतः फांसी की सजा के दृष्टिकोण से, महारथी खुदीराम बोस सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जिन्हें फांसी दी गई थी।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम संपन्न



छपारा यशोः- नगर परिषद छपरा के द्वारा आयोजित 12 अगस्त को शाहिद वार्ड में आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम केवलारी के लोकप्रिय विधायक माननीय राकेश पाल सिंह जी के मु य अतिथि में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में माटी को नमन वीरों का अभिनंदन के रूप में शाहिद वार्ड मे स्वर्गीय श्री अंकित कोस्टा जी की याद में शिलालेख स्मारक पटीटका का लोकार्पण माननीय केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह जी नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल जी मंडल अध्यक्ष पंकज जोल देव नगर परिषद के उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह जी अल्पसं यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद खान जी पूर्व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवनीत सिंह जी विधायक प्रतिनिधि अर्जुन सिंह जी वार्ड पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा लोकार्पण किया गया तथा कर्तव्य पर रहते हुए अपने जीवन का बलिदान देने वाले स्थानीय वीरों का स्मरण एवं स मान किया गया स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों सेवानिवृत्त कर्मियों को माननीय राकेश पाल सिंह जी द्वारा साल श्रीफल से स मानित किया गया इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के यशस्वी मु यमंत्री माननीय शिवराज सिंह जी चौहान की योजना भूमि अधिकार पत्र योजना अंतर्गत गरीबों को पट्टा वितरण किया गया इस कार्यक्रम में नगर परिषद के सीएमओ सब इंजीनियर कर्मचारी स्कूलों के बच्चे शिक्षक भारतीय जनता पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक बड़ी सं या में उपस्थित थे ।

## प्रधानमंत्री मोदी ने रखी भारतीय संस्कृति और समरसता के अभूतपूर्व केंद्र संत रविदास मंदिर की आधार शिला

*** प्रधानमंत्री मोदी ने वैदिक मंत्रोचार के साथ संत रविदास मंदिर का भूमि-पूजन कर शिलान्यास किया**

*** श्रद्धा, आस्था और भक्ति के केंद्र संत रविदास के भव्य और दिव्य मंदिर का 100 करोड़ की लागत से होगा निर्माण**

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बड़तुमा सागर में 11 एकड़ भूमि पर लगभग100 करोड़ की लागत से आकार लेने वाले संत शिरोमणी श्री रविदास जी के स्मारक और मंदिर का वैदिक मंत्रोचार के साथ भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने शिला-पट्टिका का अनावरण भी किया और मंदिर की प्रतिकृति का अवलोकन भी किया।


भूमिपूजन से पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न स प्रदायों के साधु-संतों का अभिवादन किया। इसी के साथ प्रदेश के पाँच स्थानों से प्रारंभ की गई समरसता यात्रा का भी आज समापन हुआ।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल ,मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि फरवरी माह में ही मु यमंत्री श्री चौहान ने समरसता के प्रणेता श्री संत रविदास जी के भव्य और दिव्य रूप में स्मारक और मंदिर निर्माण कराने की घोषणा की थी।प्रधानमंत्री द्वारा आज किए गए शिलान्यास के बाद अब यहाँ भव्य और अलौकिक मंदिर बनेगा। यह मंदिर नागर शैली में 10000 वर्ग फुट में बनेगा। यहाँ इंटरप्रिटेशन यूजियम भी बनेगा। संस्कृति और रचनात्मक के साथ संत रविदास के कृतित्व-व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने वाला संग्रहालय भी इस परिसर में बनेगा। संग्रहालय में चार गैलरी बनेगी, जिनमें भक्ति मार्ग, निर्गुण पंथ में योगदान, संत जी का दर्शन और उनके साहित्य, समरसता का विवरण भी रहेगा लाइब्रेरी के अलावा संगत हाल, जल कुंड, भक्त निवास भी बनेगा, जो आध्यात्मिक और आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। भक्त निवास में देश-विदेश से संत रविदास के अनुयायी और अध्येता आएंगे, जिन्हें संत जी के जीवन से प्रेरणा मिलेगी। पन्द्रह हजार वर्गफुट में भोजनालय का निर्माण होगा। मंदिर में दो भव्य प्रवेश द्वार होंगे, सीसीटीवी कैमरे और लाइटिंग की व्यवस्था भी रहेगी।

वास्तु और विन्यास अनुसार संत रविदास जी का मंदिर अध्यात्म कला संग्रहालय भी होगा, जो श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व स्थल होगा। दार्शनिक और अध्येता और जिज्ञासु भी देश-विदेश से आएंगे। संत रविदास जी का कृतित्व,- व्यक्तित्व और दर्शन पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायी होगा।

## विशाल कावड़ यात्रा कल



छपारा यशोः- प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन दिनांक 14 अगस्त दिन सोमवार को छपारा नगर के सिद्ध बाबा घाट से सुबह 8ः00 बजे निकलेगी जो नगर के मु य मार्ग से होते हुए गुरु रत्नेश्वर धाम दिघोरी के लिए प्रस्थान करेगी यह विशाल कावड़ यात्रा केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रजनीश हरवंश सिंह एवं छपारा के सभी धर्म प्रेमी बंधुओ की ओर से आयोजित की जा रही है आप सभी श्रद्धालु भक्तजनों से निवेदन है कि अधिक से अधिक सं या में स मिलित होकर के कावड़ यात्रा को सफल बनाएं और पुण्य लाभ अर्जित करें ।

## गुरुकुल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बनाया स्थान



बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बरघाट के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता सिवनी में हिस्सा लिया, जिसमें 14 एवं 16 वर्ष बालक/बालिका वर्ग ने कराटे, बुशु, बाँ संग एवं चैस में हिस्सा लिया। बुशू एवं बाँ संग (14 वर्ष) में विद्यालय से दिशा जायसवाल ने महावीर व्यायाम शाला सिवनी में प्रथम स्थान (गोल्ड) प्राप्त किया, अब दिशा 17 अगस्त को संभाग स्तरीय एवं प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। साथ ही विद्यालय से श्रृजल ऐडे (14 वर्ष), रिया चक्रवर्ती (17 वर्ष), कहकशा अली (14 वर्ष) ने कराटे में प्रथम स्थान प्राप्त किया, शतरंज में प्रांजल लांजेवार (14 वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ये सभी विधार्थी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में स मिलित होगें। बच्चों की इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख नरेश सिंह राजपूत एवं प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत ने शुभकामनाएं प्रेषित कर कहा खेल में महत्वपूर्ण यह नहीं है कि आप जीतते हैं या हारते हैं, महत्वपूर्ण है कि आप कैसे खेलते हैं।

ज्ञात हो की गुरुकुल से ना या सिंह राजपूत वर्तमान में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कराटे इंटरनेशनल चैंपियनशिप में शामिल हो रही है। समस्त गुरुकुल परिवार सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता है।

## मु यमंत्री चौहान ने किया पौध-रोपण

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिदिन पौधारोपण के क्रम में आज श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, नीम, महुआ और कदंब के पौधे रोपे। मु यमंत्री श्री चौहान के साथ सर्वश्री मनोज पंजवानी, ओम प्रकाश मीणा, अंशुल गौर और श्रीमती सोनम बघेल ने अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण किया। साथ ही उनके परिजन व परिचित सर्वश्री संजय सिंह बघेल, सूर्य देव सिंह परिहार, अनूप सिंह, आशीष बागरी, सुरेंद्र सिंह राठौड़, सौरभ मित्तल, राजीव जैन, उपेंद्र सिंह सौरव मीणा हिमांशु गुप्ता सुश्री नंदनी मीणा, श्रीमती हेमलता पंजवानी पौध-रोपण में शामिल हुईं।

## सिवनी विधानसभा क्षेत्र में विधायक कप कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज

सिवनी यशोः- संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी म.प्र. की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में में विधायक कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन संबंधित विधायकों की अनुशंसा के आधार पर पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विधायक कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र सिवनी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 115 में मा. श्री दिनेश राय मुनमुन जी, विधायक महोदय की अनुशंसा अनुसार दिनांक 13 अगस्त 2023 को प्रातः 10:00 बजे रॉशि लॉन में बालक/पुरुष एवं बालिका/महिला की कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन कले टर महोदय सिवनी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी के कुशल नेतृत्व में तथा श्री कृष्ण कुमार चैरसिया के नेतृत्व में आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता प्रतिभागी खिलाड़ी का संबंधित विधानसभा क्षेत्र का होना अनिवार्य है, इस हेतु विधानसभा क्षेत्र का निवासी होने संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आयू सीमा का कोई बंधन नहीं है। मा. श्री दिनेश राय मुनमुन विधायक महोदय की अनुशंसा अनुसार बालक/पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त टीम को राशि रु. 11000/-, द्वितीय को 5000/-, तृतीय को 3000/- एवं बालिका/महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त टीम को राशि रु. 7000/-, द्वितीय को 5000/-, तृतीय को 2000/- नगद पुरुस्कार राशि के साथ ही ट्राफी, मेडल, एवं प्रमाण पत्र खेल और युवा कल्याण विभाग की ओर से प्रदाय किये जावेंगे तथा प्रतिभागी समस्त खिलाड़ियों को मा. श्री दिनेश राय मुनमुन जी की ओर से ट -शर्ट प्रदाय की जावेगी। अतः उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, जिला सिवनी, श्री ओम कुमार शिवे संविदा ग्रामीण युवा समन्वयक एवं श्री मनीष मिश्रा विधायक प्रतिनिधि(खेल और युवा कल्याण विभाग सिवनी) से संपर्क स्थापित कर सकते है।

## कांग्रेस द्वारा जिला पदाधिकारी एवं ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा की गई

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, जिला प्रभारी चैधरी गंभीर सिंह, लखनादौन विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा, बरघाट विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमति नेहासिंह, पूर्व विधायक ठा. रजनीशसिंह, जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह(लल्लू) बघेल जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल, जिला संगठन मंत्री एड. पंकज शर्मा की सहमति से जिला कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष संदीप चैहान के द्वारा जिला पदाधिकारी एवं ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा की गई, पदाधिकारियों के नाम नि नानुसार है। जिला उपाध्यक्ष सर्वश्री हरिसिंह सनोडिया, गंगन गौली, विवेक श्रीवास्तव, अजय पेशवानी, कृष्णकुमार उर्फ राजा कश्यप, अंशुल बघेल, जिला महामंत्री अरविन्द प्रजापति, पंकज सोनी, अरविन्द वाध्या, नितेश यादव, संगठन सचिव धर्मेन्द्र रघुवंशी, प्रेम राय, अजय गौतम पप्पू खान, जिला प्रवक्ता आयुष दंडवते सिवनी, जिला सचिव विजय सोनी, ओम साहू, सुनील बनवारी, मनीष प्रजापति, प्रदीप निमजे, जिला कार्यकारणी सदस्यों में सर्वश्री अंकित मनडराहा, चिन्टूल झारिया, बादल उइके, संतोष अहरवाल, गोलू साहू, अरविन्द्र विश्वकर्मा, रविशंकर अहरवार, तुलसीराम विश्वकर्मा ब्लाक अध्यक्षों में बरघाट ब्लाक अध्यक्ष संतोष डहाके कुरई ब्लाक अध्यक्ष हीरालाल अहाके सुकतरा ब्लाक अध्यक्ष फागूलाल पटले गंगेरूआ ब्लाक अध्यक्ष नत्थूसिंह ठाकुर सिवनी ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष दादुराम सनाड्य गोपालगंज ब्लाक अध्यक्ष विजय साहू सिवनी शहर ब्लाक अध्यक्ष एड. रोहित यादव बंडोल ब्लाक अध्यक्ष असाडूलाल इनवाती मुंगवानीकलां ब्लाक अध्यक्ष राजाराम सनोडिया बखारी ब्लाक अध्यक्ष अंकित बंजारा चमारी ब्लाक अध्यक्ष हरवंशसिंह ठाकुर केवलारी ब्लाक अध्यक्ष पवन ठाकुर उगली ब्लाक अध्यक्ष सत्यवान पंचेश्वर कान्हीवाडा ब्लाक अध्यक्ष नीलेश ठाकुर धनौरा ब्लाक अध्यक्ष सहजराम उइके लखनादौन ब्लाक अध्यक्ष मनसुख इनवाती आदेगांव ब्लाक अध्यक्ष पवन तिवारी धूमा ब्लाक अध्यक्ष आशीष र अहिरवार नागनदेवरी ब्लाक अध्यक्ष रामदयाल पटेल, सालीवाडा ब्लाक अध्यक्ष जयपाल भलावी घंसौर ब्लाक अध्यक्ष सुंदर उइके केदारपुर ब्लाक अध्यक्ष शोभाराम उइके का समावेश किया गया है।

समस्त कांग्रेस जन ने नवनियुक्त पदाधिकारियो से अपेक्षा व्यक्त की है कि आप सभी कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए कार्य कर आगामी विधानसभा चुनाव में सिवनी जिले की चारो विधान सभाओं में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन कर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी जी एवं मध्यप्रदेश के भावी मु यमंत्री कमलनाथ जी के हाथ मजबूत करेंगे।

## 16 अगस्त से सिवनी जिले सहित समूचे मध्यप्रदेश की पै स संस्थायें अनिश्चितकाल के लिए रहेंगी बंद

**म.प्र.सहकारी समिति महासंघ ने मु यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**



सिवनी यशोः- इस बार संयुक्त सहकारी समिति (पै स) कर्मचारी महासंघ म.प्र पूर्ण रूप से ऐ शन मोड में है उनका कहना है कि मध्यप्रदेश शासन सहकारी समिति कर्मचारियों को छोड़कर शेष सभी प्रकार के संगठनो की महापंचायत बुलाकर उनकी माँग यथाशीघ्र पूर्ण करने की घोषणा निरंतर कर रही हैं। इसी तारत य में 11 अगस्त को म.प्र.सहकारी समिति महासंघ जिला इकाई सिवनी द्वारा भी लगभग 500 की तादाद में एकत्रित होकर जिला कले टर को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञातव्य होवें कि महासंघ द्वारा पै स कर्मचारियों की मांगों को लेकर विभागीय मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को कई वर्षों से ज्ञापन के माध्यम से निराकरण हेतु पूर्व में कई बार निवेदन किया गया था परंतु आज दिनांक तक कर्मचारियों की मांगों का निराकरण नहीं हो पाया है जबकि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे ऋण वितरण, ऋण वसूली खाद बीज वितरण, उपार्जन, किसान ब्याज माफी एवं पी.डी.एस.आदि कार्यो का क्रियान्वयन सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा ही किया जाता है, सौंपित ज्ञापन में निवेदन स्वरूप लेख किया गया है कि पै स कर्मचारी सेवा नियम 2019 एवं मार्च 2021 में गठित शासकीय कमेटी अनुसार संस्था (पै स) कर्मचारियों को नि नानुसार वेतनमान दिया जाना तय है (लाभ शब्द विलोपित कर तत्काल इसे लागू किया जाये` योंकि सहकारिता का उद्देश्य सेवा है न कि लाभ कमाना) जो ग्रामीण स्तर पर कार्यरत शासकीय कर्मचारियों के समतुल्य वेतनमान है, प्रभारी समिति प्रबंधक

5200-20200+2400 ग्रेड पे, सहायक प्रबंधक / लेखापाल

5200-20200+2400 ग्रेड पे, लिपिक / कैशियर / क प्यूटर आपरेटर 5200-20200+1900 ग्रेड पे, विक्रेता/ कनिष्ठ विक्रेता 5200-20200+1900 ग्रेड पे एवं भृत्य / चौकीदार 4400-7440+1500 ग्रेड पे उक्त वेतनमान लागू किया जाये, साथ ही म.प्र.सहकारी समिति महासंघ सिवनी के जिलाध्यक्ष वंशी ठाकुर द्वारा कहा गया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में समिति सहायकों से 60 प्रतिशत पद पर हो रही भर्ती / पदोन्नति शीघ्र बिना किन्तु परंतु के पूर्ण कर आदेश पारित किया जाये

वर्ष 2021 में शासन द्वारा पै स कर्मचारियों के लिए गठित कमेटी का अभिमत है कि बिन्दु कमांक 14 अनुसार शासन के कार्यो (नीतियों) से संस्था को होने वाली क्षति धारा 49(सी)(3) के परंतुक के आधार पर शासन द्वारा ही प्रतिपूर्ति किया जाना तय है व वर्तमान में संस्थायें शासन की जनहितैषी नीतियों के कारण घाटे में है। इसलिए वेतनमान हेतु फंड शासन उपलब्ध कराये उपरोक्त सहकारी समिति कर्मचारियों की माँगो पर यदि शासन द्वारा सकारात्मक निर्णय लेकर सहकारिता की महापंचायत की घोषणा 15 अगस्त तक नही होने पर 16 अगस्त से समूचे मध्यप्रदेश की पै स संस्थायें द्वारा समस्त प्रकार का ऋण वितरण वसूली खाद बीज वितरण, फसल बीमा एवं उचित मूल्य की दुकानें, खाद्यान्न वितरण आदि कार्य बंद किया जायेगा और 22 अगस्त को भोपाल में पूरे प्रदेश के 55 हजार पै स और पी.डी.एस. कर्मचारी एकत्रित होकर जंगी प्रदर्शन करने हेतु विवश होगें जिसकी समस्त जबाबदारी शासन, प्रशासन की होगी। सौंपे गए ज्ञापन की कॉपी एसडीएम सिवनी, उपायुक्त सहकारिता सिवनी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सिवनी, जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्य विभाग सिवनी, सहित नागरिक आपूर्ति निगम व विपणन संघ सिवनी को भी दी गई है।

## ठाकुर रजनीश ने पांडिया छपारा मंडलम कांग्रेस कार्यालय का किया उदघाटन




केवलारी यशोः- केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी के कर कमलों द्वारा *उगली ब्लॉक के पांडिया छपारा मंडलम कांग्रेस कार्यालय* का उदघाटन बड़ी धूम धाम से किया गया। एवं मध्यप्रदेश के भावी मु यमंत्री श्री कमलनाथ जी के निर्देशानुसार उगली ब्लॉक के पंडिया छपारा मंडलम में समस्त माताओं बहनों के स मान में *नारी स मान योजना* का शुभारंभ किया गया, तथा कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा डोर टू डोर जाकर महिलाओं को कमलनाथ जी के द्वारा महिलाओं के स मान में किए गए वादों की विस्तृत जानकारी दी गई।एवं ग्राम पंडिया छपारा में उक्त योजना का फॉर्म भरवा कर पंजीयन किया गया! तथा मंडलम पांडिया छपारा में सभा आयोजित कर सभी महिलाओं को नारी स मान योजना का लाभ बताया गया।

इस अवसर पर साथ ही उगली ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र राज पप्पू ठाकुर जी,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष साबिर अंसारी जी,जिला कांग्रेस महामंत्री आनंद भगत जी,जिला पंचायत सदस्या श्रीमती गायत्री पप्पू ठाकुर जी ठाकुर जी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री शिवदयाल सोनी जी,श्री पूनाराम बरकड़े जी,श्री दमडु लाल तुरकर,श्री करतार सिंह उइके जी,श्री चंद्रशेखर ठाकरे जी, श्री प्रहलाद सागर जी,श्री पुरुषोत्तम सागर जी,उमानाथ कश्यप जी,श्री रमेश देशमुख जी मंडलम अध्यक्ष विजय निर्मलकार जी,

मंडलम कमेटी सदस्य गण, से टर अध्यक्ष गण,बूथ अध्यक्ष गण, एवं पार्टी के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

# कमीशन के नाम पर फर्जी पत्र जारी कर कांग्रेस ने किया बड़ा अपराधः विष्णुदत्त शर्मा

**मध्यप्रदेश की छवि खराब कर प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता का किया अपमान**

**कांग्रेस के मि. बंटाढर एवं करप्टनाथ ने प्रियंका को भी झूठी साजिश में किया शामिल**

भोपाल। मध्यप्रदेश में चुनाव आते ही कांग्रेस की बौखलाहट और झूठ सामने आने लगता है। कल कांग्रेस ने प्रदेश में एक व्यू रचना के तहत किसी ठेकेदार, एसोसिएशन के नाम से फर्जी पत्र जारी कर बड़ा झूठ बोलने के काम किया है। झूठ बोलने की मशीन बन चुके मिस्टर बंटाधार और मिस्टर करप्टनाथ ने इस पत्र की सत्यता का पता लगाए बगैर ही प्रदेश की जनता से झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस के झूठ की हद तो देखिए प्रियंका गांधी और राहुल गांधी भी मिस्टर बंटाढार और करप्टनाथ के झूठ का साथ देने के लिए बीच में कूद पड़े और इस झूठे पत्र के आधार पर ट्वीट कर दिया जो, दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले राहुल ने झूठ बोलकर प्रदेश की जनता को ठगा था और अब प्रियंका झूठ परोसकर जनता को गुमराह कर रही हैं। इस झूठ को लेकर हमारा एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर जवाब देगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को प्रियंका गांधी द्वारा वायरल किए गए पत्र के जवाब में भोपाल में मीडिया से चर्चा करते हुए कही।

**भाजपा सरकार के विकास के आगे कांग्रेस के पास नहीं बचा कोई मुद्दा**

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा के विकास कार्यो के आगे कांर्ग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए कांग्रेस के पास सिर्फ एक ही काम बचा है, वह झूठ बोलने का। कर्नाटक के एक ठेकेदार के एसोसिएशन ने अधिकारिक रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर लेकर वहां के डिप्टी चीफ मिनिस्टर के लिए जिस 15 प्रतिशत के कमीशन की बात कहीं है, आप उस बात का काउंटर मध्य प्रदेश में झूठ बोलकर करना चाहते हो। इस फर्जी पत्र के माध्यम से प्रदेश में आपने झूठ परोसने का काम किया है। यह कौन सा एसोसिएशन है, जिनके नाम से यह पत्र जारी हुआ है, यह कोंसपीरेसी है। प्रदेश के अंदर भाजपा की सरकार को बदनाम करने के लिए आपने झूठा पत्र बनाकर मीडिया में जारी किया। अपने न्यायालय तक को नहीं छोड़ा, आपके अंदर सत्ता की इतनी भूख है कि आप इस बात के लिए परेशान हैं कि कैसे झूठ बोलकर मध्य प्रदेश के अंदर कुछ किया जाए, यह प्रदेश के अंदर बिलकुल नहीं हो सकता, यह आपका भ्रम है। प्रदेश की जनता आपके झूठे वादे और काले कारनामों से बहुत ही अच्छे से वाकिफ है इसलिए आप कितना भी झूठे` यों न बोल लें, जनता आपके बहकावे में नहीं आने वाली है। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी साइबर अपराध के तहत कड़ा कार्रवाई करेगी। कांग्रेस कितने भी दुष्प्रचार ` यों न कर ले वह केन्द्र और प्रदेश की जनहितैषी योजनाओं के सामने विफल है और 2023 और 2024 में फिर प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनने वाली है।

**प्रियंका जी, आपको पत्र वायरल करने से पहले सत्यता का लगाना चाहिए था पता**

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मैं प्रियंका गांधी से कहना चाहता हूं कि इन झूठे कमलनाथ और दिग्विजय सिंह से बचकर रहिए, पहले इन्होंने प्रदेश की जनता के सामने आपके भाई को झूठा साबित किया था, अब आपको झूठा साबित करने में जुटे हुए हैं। मैं प्रियंका गांधी से पूछना चाहता हूं कि यह पत्र कहां से आया, इस झूठे पत्र के आधार पर आपने देश को गुमराह किया है। पहले आपके भाई प्रदेश की 8 करोड़ जनता से झूठ बोलकर गए। इन्हीं बंटाधार और करप्टनाथ ने आपके भाई को मध्य प्रदेश के अंदर झूठा साबित किया। आपके भाई अब मध्यप्रदेश के अंदर मुंह दिखाने लायक नहीं बचे, अब आपको भी इन्होंने आज झूठा साबित कर दिया है। प्रियंका जी आपको इस झूठ का जवाब देना होगा।

**कांग्रेस के झूठ पर करेंगे कानूनी कार्यवाही**

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मैं मिस्टर बंटाधार और मिस्टर करप्टनाथ से पूछना चाहता हूं आप यह फर्जी पत्र जारी करके मध्य प्रदेश की जनता को गुमराह करना चाहते हैं, जब आपकी कांग्रेस की 15 महीने की सरकार थी तो आपके ही कैबिनेट मंत्री उमंग सिंघार ने ऑन रिकॉर्ड ऑफिशियल ` या कहा था, यह पूरे प्रदेश की जनता को पता है। आपके इस झूठ को प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। मध्यप्रदेश के अंदर भाजपा की सरकार है, जो 24 घंटे जनता की सेवा के लिए तत्पर रहती है। प्रदेश में कराए गए जनहितैषी विकास कार्यो का ही नतीजा है कि आपके पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा है इसलिए आप इस तरह के झूठे पत्र वायरल कर दिन-रात झूठ बोलने का काम कर रहे हैं। हम कांग्रेस की इस झूठी साजिश पर कानूनी कार्यवाही करेंगे। साइबर क्राइम के अंदर आपको जेल भेजने का काम करेंगे, एक भी नहीं बचेगा, जिन्होंने यह कृत्य करने का प्रयास किया है।

# निर्माण कार्यों को उचित गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं - डॉ. सिडाना

**ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा में कले टर के निर्देश**



मंडला यशोः- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी क्षेत्र का सघन भ्रमण करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के लिए स्थल चयन करते समय उसकी उपयोगिता का ध्यान रखें तथा कार्यों को उचित गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कले टर ने निर्देशित किया कि मनरेगा सहित अन्य योजनाओं में रोजगारमूलक कार्यों को प्राथमिकता दें। श्रमिकों का नियोजन बढ़ाएं। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण के लिए शाला परिसरों को प्राथमिकता देने की बात कही। कले टर ने कहा कि पूर्व में स्वीकृत स्वच्छता परिसर जिनका निर्माण कार्य अब प्रारंभ नहीं किया गया है उन्हें नियमानुसार निरस्त कर नवीन स्वीकृति प्रदान करने की कार्यवाही करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवेदनों का समय सीमा में सकारात्मक निराकरण करने के निर्देश दिए।

**लगाए जा रहे पौधों के सुरक्षा के इंतजाम करें**

वृक्षारोपण कार्य की समीक्षा करते हुए कले टर ने निर्देशित किया कि वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन में जल की उपलब्धता का ध्यान रखें। लगाए जा रहे पौधों की सुरक्षा के लिए फेन्सिग आदि का इंतजाम करें। पौधों के चयन में स्व-सहायता समूह की पसंद का ध्यान रखें। पौधों की सुरक्षा के लिए स्व-सहायता समूह सहित स्थानीय लोगों को जि मेदारी प्रदान करें। रोपे गए पौधे भविष्य में पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ ही आमदनी के स्त्रोत बनेंगे। कले टर ने कहा कि वृक्षारोपण में फलदार एवं छायादार वृक्षों को प्राथमिकता दें। पहाड़ियों पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करें। कले टर ने वृक्षारोपण के लिए वन सहित अन्य विभागों से समन्वय करने के निर्देश दिए।

**निर्माण कार्यों की स्वीकृति के पूर्व उपयोगिता की जांच अवश्य करें**

बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सड़क, तालाब, भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने के पूर्व उसकी उपयोगिता की जांच अवश्य करें। स्वीकृति में प्राथमिकता क्रम का पालन करें। स्वीकृत निर्माण कार्यों को उचित गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। कले टर ने विभिन्न योजनाओं के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्यों की कार्यवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि से टर, विकासखंड का तकनीकि अमला सभी प्रकार के निर्माण कार्यों को तकनीकि मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

# मोहगांव पुलिस का ऑपरेशन अभिमन्यु -2



मंडला यशोः- महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मु यालय के निर्देशानुसार 01अगस्त से 15 अगस्त तक बालिकाओं, महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम एवं महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर विशेषकर पुरुषों को जागरूक करने हेतु विशेष जागरूकता अभियान ÷अभिमन्यु-2÷ संचालित किया जा रहा है ! अभियान का मु य उद्देश्य पुरुषो को महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाना, महिला अपराध के प्रति जागरूक करना तथा पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता को ठीक करना है थाना प्रभारी मोहगांव विजय सिंह ठाकुर के द्वारा उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय मोहगांव में बालक बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध उनके कानूनी प्रावधान समाज में महिलाओं को समानता, सुरक्षा एवं संवेदनशीलता का भाव रखते हुए महिला अपराधों की रोकथाम के लिए अपील करते हुए युवाओं एवं युवतियों को मैं हूं अभिमन्यु 2 अभियान के अंतर्गत नशा दहेज रूढ़िवादिता, अश्लीलता, संवेदनशीलता, रूणहत्या, अशिक्षा, लिंगभेद जैसे विषयों की समझाइश दी, साथ ही पुरुषों व युवाओं के साथ संवाद कर महिला संबंधी अपराध की रोकथाम हेतु जागरूकता फैलाने एवं महिलाओं व बालिकाओं के प्रति स मान का भाव रखने के साथ ही उनकी मदद के लिए प्रेरित किया आयोजित किये गये कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा थाना मोहगांव पुलिस स्टाफ विद्यालय स्टाफ मीडिया आदि सहभागी रहे।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर एईआरओ, सुपरवाईजर एवं बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

## कले टर के निरीक्षण के दौरान पाई गई थी लापरवाही

मंडला यशोः-कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा 10 अगस्त को मंडला विधानसभा के पेटेगांव मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण में अनियमितताएं एवं लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एईआरओ, बीएलओ सुपरवाईजर (पटवारी) एवं बीएलओ (रोजगार सहायक) को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मतदाता सूची में नवीन पात्र अ यर्थियों के नाम जोड़ने हेतु निर्धारित फॉर्म-6 के एक भी आवेदन नहीं भरे गए। इस संबंध में अनेक अ यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों को भी लंबित रखा गया। फौत हुए व्यक्तियों के नाम काटने के लिए फॉर्म-7 तैयार नहीं किए गए। पुनरीक्षण के तहत ग्राम में अब तक मतदाता सूची का वाचन नहीं किया गया। इसी प्रकार आयोग के निर्देशानुसार ऐसे परिवार जहां पर एक परिवार में 10 से अधिक मतदाताओं के नाम अंकित हैं उनका सत्यापन बीएलओ, सुपरवाईजर एवं एआरओ द्वारा किया जाना है किन्तु संबंधितों द्वारा सत्यापन की कार्यवाही नहीं की गई जिसे गंभीरता से लेते हुए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित एईआरओ, बीएलओ सुपरवाईजर एवं बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सावन माह में कांवड़ यात्रा निकाली गई



**रपटा घाट से संगम घाट**

मंडला यशोः- महाराजपुर उपनगर मंडला से आज दिनांक 11 अगस्त को सवेरे 5 बजे कांवड़ यात्रा निकाली गई रपटा घाट मंडला से जो बूढ़ीमाई संगम घाट में पहुंचकर कर शिवलिंग में जल अर्पण कर पूजा पाठ किया इसके बाद प्रसाद वितरण किया जिसमे उपनगर महाराजपुर की महिला सेवा समिति एवम हम फाउंडेशन सामाजिक संगठन के तत्वाधान में आज बड़े रूप में कांवड़ यात्रा निकाली गई जिसमे महिला समिति एवम हम फाउंडेशन से राजेश मिश्रा,मोहपत रघुवंशी,अवनीश यादव,कारण दुबे जी महिला टीम से करुणा यादव,सावित्री डोंगरे,सुरेखा जी एवम अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस के मु य समारोह के आयोजन के लिए ड्यूटी तय

मंडला यशोः- कले टर डॉ.सलोनी सिडाना ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मु य समारोह स्थल पुलिस लाईन ग्राउंड मंडला में आयोजित कार्यक्रम के सफल आयोजन, सत्कार तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार मु य समारोह स्थल पुलिस ग्राउंड के गेट में उपस्थित रहकर मु य अतिथि को समारोह स्थल पर सुरक्षित ले जाना एवं कार्यक्रम उपरांत उनके वाहन तक ले जाने की जि मेदारी अपर कले टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह को प्रदान की गई है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, मीसाबंदिया, जन प्रतिनिधियों, आमंत्रित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों को समारोह स्थल तक पहुंचाना एवं बैठाना तथा व्हीआईपी गैलरी की बैठक व्यवस्था के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी ऋषभ कुमार जैन, महिला अतिथियों एवं महिला दीर्घा की बैठक व्यवस्था के लिए प्रभारी सहा. मु य कार्यपालन अधिकारी क्षमा सराफ को आदेशित किया गया है। पत्रकारों की बैठक व्यवस्था की जि मेदारी जिला खनिज अधिकारी राहुल सांडिल्य को दी गई है। मु य समारोह स्थल पुलिस लाईन ग्राउंड के गेट में उपस्थित रहकर आगंतुकों को समारोह स्थल पर उनकी बैठक व्यवस्था से अवगत कराना तथा पर्याप्त पर्यवेक्षण रखने के लिए कार्यपालन यंत्री पीआईयू जीपी पटले को निर्देशित किया गया है। पुरूस्कार सामग्री प्राप्त कर वितरण के लिए प्रस्तुत करने के लिए संयुक्त कले टर सीएल वर्मा तथा कले ट्रेट परिसर में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था के लिए संयुक्त कले टर अरविंद सिंग की ड्यूटी लगाई गई है।

# अवैध शराब विक्रय पर छापामार कार्यवाही

मंडला यशोः- नैनपुर शहरी क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय करने वाले अड्डों पर छापामार कार्यवाही कार्यवाही के दौरान मौके पर विदेशी मदिरा एम.डी.नं. 1 एवं गोवा व्हिस्की के कुल 27 पाव एवं हंटर बीयर के 20 बोतल जप्त किए गए। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों से 26 लीटर हाथ से बनी महुआ शराब भी जप्त की गई। इस अपराध में संलिप्त 6 व्यक्तियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के अन्तर्गत न्यायालयीन मामला दर्ज किया गया है।

# विकास पर्वः बिछिया के ग्राम पंचायत खटोला में आयोजित हुआ कार्यक्रम

मंडला। विकास पर्व के कार्यक्रम अंतर्गत 16 जुलाई से 14 अगस्त तक विकास पर्व का आयोजन से टर ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। ग्राम पंचायत खटोला में स मिलित ग्राम खटोला, कटंगामाल, मांझीपुर, किसली भिलवानी, डीलवारा में निर्माण कार्यो के अंतर्गत ग्राम पंचायत खटोला गेवियन स्ट्रक्चर निर्माण कार्य खटोला स्वीकृत राशि 4.61 लाख, चबूतरा निर्माण कार्य भानपुर खेड़ा 5.29 लाख, बहेरा नाला पुलिया निर्माण कार्य मांझीपुर स्वीकृत राशि 5, किसली भिलवानी चेकडेम निर्माण कार्य 12.28, सीसी रोड निर्माण 4.15 लाख कुल राशि 31.33 लाख के कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री नीरज मरकाम, स्थानीय जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष लालाराम यादव, नोडल अधिकारी महेशराम दीवान, जयसिंह उरेती पंचायत समन्वयक अधिकारी तथा स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत उद्यानिकी कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण दल के रवाना

मण्डला यशोः- एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत राज्य के भीतर कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण दल मण्डला से रवाना हुआ। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मण्डला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत घटक मानव संसाधन विकास राज्य के भीतर 3 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण हेतु प्रशिक्षण दल को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्यानिकी के उच्च तकनीकों का अवलोकन एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 25 कृषकों के दल को रवाना किया गया। कृषकों का दल ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी के नेतृत्व में 12 अगस्त 2023 तक के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र मण्डला, कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र छिंदवाडा अधिनस्थ प्रशिक्षण कराया जाकर कृषक प्रक्षेत्रों का भ्रमण कराते हुए तकनीकी ज्ञानवर्धन व प्रशिक्षित कराया जायेगा। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान मण्डला नेतलाल शरणागत, कार्यालयीन ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी मण्डला अभिनब बर्मन, सुखमनशाह कुमरे, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी मोहगांव, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी नैनपुर धनसिंह वरकडे एवं अन्य विकासखण्ड स्तरीय उद्यानिकी अधिकारी उपस्थित रहे।

## लघु फिल्म के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

मंडला यशोः- जिले के 3 विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन पहुंचकर मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया। इसी क्रम में मानादेई, खैरीमाल, मवई आदि ग्रामों में मतदाता जागरूकता वाहनों पर एलईडी वॉल के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता संबंधी लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही ईवीएम का प्रदर्शन भी किया गया। रथ के साथ से टर ऑफिसर एवं बीएलओ सुपरवाइजर सहित संबंधित उपस्थित रहे। इसका उद्देश्य आगामी निर्वाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है।

# शासकीय हाईस्कूल झिरिया में बालसभा

मंडला यशोः- शासकीय हाईस्कूल झिरिया में बाल सभा का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं से पोषण एवं स्वास्थ्य, बाल संरक्षण संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। टीकाकरण, सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान, मीजल्स-रूबेला, एनीमिया सिकल सेल मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी गई तथा अपने घर-परिवार, पास-पड़ोस एवं गांव में नियमित टीकाकरण से छूटे 0 से 5 साल के बच्चे और गर्भवती महिलाओं को सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के तहत टीकाकरण हेतु प्रेरित करने की समझाईश दी गई। एनीमिया को कम करने आयरन फोलिक एसिड टेबलेट के सेवन को बढ़ावा देने जागरूक किया गया।

# सब्जी मण्डी में आलू के ट्रकों द्वारा की जा रही सडक जाम



मंडला यशोः- स्थानीय सब्जी मण्डी में अस्पताल से रेड्क्रास जाने वाली सडक में पुल के पास आलू की थोक दुकानों में 14 एवं 16 चक्के वाले आलू के ट्रकों द्वारा बीच सडक में आडा ट्रक खडे कर देने से आम जनता को विशेषकर दो पाहिया एवं चार पाहिया वाहनों को सुचारू आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। यहां यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है जिला दण्डाधिकारी मण्डला द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत अधिसूचना जारी कर सब्जी मण्डी में भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया गया था तथा सब्जी मण्डी में भारी वाहनों के खडे होने पर 188 भारतीय दण्ड विधान के अंतर्गत पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की व्यवस्था है। आये दिन सब्जी मण्डी में भारी ट्रकों द्वारा आलू अनलोड किया जाता है इसके बावजूद भी यातायात पुलिस द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही न किया जाना आम जनता के समझ से परे है। यातायात पुलिस से जनापेक्षा है कि सब्जी मण्डी में भारी वाहनों के प्रवेश पर नियमानुसार कार्यवाही कर आम जनता को राहत पहुंचाए।

# राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जिला रिपोर्ट कार्ड में जिले को मिली तीसरी रैंक

सिवनी यशोः- कले टर सह जिला मिशन संचालक श्री क्षितिज सिंघल एवं मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह जिला परियोजना संचालक श्री पंवार नवजीवन विजय के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक के मार्गदर्शन में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी क्रम में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1 से 8) हेतु समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों का क्षमता संवर्धन, शालाओं में उपलब्ध संसाधन, कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन तथा जिले स्तर पर किए जा रहे विशेष प्रयासों को ध्यान में रखते हुए प्रदर्शन आधारित रैंकिंग जारी की गई है।

विभागीय प्राथमिकताओं तथा गणना प्रणाली के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 की वार्षिक रैंकिंग 9 अगस्त को माननीय स्कूल शिक्षा मंत्रीजी द्वारा जारी किया गया। नामांकन तथा ठहराव, सीखने के परिणाम और गुणवत?ता, शिक्षक व्यावसायिक विकास, समानता, अधोसंरचना तथा सुविधाएं, सुशासन प्रक्रियायें और वित्तीय प्रबंधन तथा नव भारत साक्षरता कार्यक्रम इन 7 मु य घटकों के अंतर्गत 36 पैरामीटर/इंडीकेटर्स को स मिलित कर प्रदेश के सभी 52 जिलों की रिपोर्ट और रैंकिंग जारी की गई है। जारी किए गए जिला रिपोर्ट कार्ड में सिवनी जिले ने पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जो कि जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में गौरव का विषय है। जिले की सफलता में समस्त शिक्षक, जनशिक्षक, बीएसी, बीआरसीसी, सहायक परियोजना समन्वयक, प्राचार्य, समस्त अधिकारी, कर्मचारियों एवं निजी क्षेत्र से जुडे समस्त शैक्षणिक अमले का सराहनीय योगदान रहा। आशा है कि आगे भी जिले की रैंकिंग सुधार हेतु और बेहतर प्रयास करेंगें।

# ''हर घर तिरंगा'' अभियान अंतर्गत होंगे विविध आयोजन

**विभिन्न संगठन करेंगे सहभागिता**

**बैठक में तैयार की गई कार्ययोजना**



मंडला यशोः- आजादी का अमृत महोत्सव समापन समारोह अंतर्गत ''हर घर तिरंगा'' अभियान का क्रियान्वयन 13 अगस्त से 15 अगस्त 2023 तक स पूर्ण जिले में किया जाना है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ श्रेयान्स कूमट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आरडी कॉलेज, पॉलिटेि नक कॉलेज, आई.टी.आई. एवं सरदार पटेल कॉलेज के प्राचार्य, मुकेश कुमार पाण्डेय, अरूण कुमार पटेल प्रबंधक क्षेत्रीय परिचालन पोस्ट् ऑफिस, ट्रांसपोर्ट एसोशियन, रोटरी ` लब, व्यापारी संघ, नेहरू युवा केन्द्र एवं भागीरथ विकास परिषद सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत द्वारा 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान की जानकारी देते हुए सभी से सहभागिता का आव्हान किया। बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। 13 अगस्त 2023 को जिले के ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थल पर हर घर तिरंगा अभियान से संबंधित रैली, मानव श्रंखला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें जनअभियान परिषद, जनसेवा मित्र, आजीविका समूह की महिलाएं एवं अन्य विभाग सहभागिता करेंगे। 14 अगस्त को प्रातः 9:30 से जिला मु यालय एवं ब्लॉक मु यालय के विभिन्न चौराहों से छात्र, शिक्षक की पैदल एवं सायकिल रैली निकाली जाएगी। साथ ही 12:30 से 2:30 बजे तक विद्यालय में चित्रकला, निबंध, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। शाम 3 से 4 बजे तक शासकीय अधिकारी, कर्मचारी एवं जनसामान्य के द्वारा वाहन रैली निकाली जाएगी जो कले ट्रेट से प्रारंभ होकर नगर के भ्रमण उपरांत संपन्न होगी। जिला एवं विकासखंड स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को प्रशस्ति पत्र से स मानित किया जाएगा।

## कार्यालय मण्डला सहकारी विपणन समिति मर्यादित मण्डला

पंजीयन क्रमांक 258 दिनांक 23.08.1994 दूरभाष-07642.252439

Email id mandlavipr an258@258@g mail. com

क्रमांक/विपणन/2023-2024/35 मण्डला, दिनांक-11/08/2023

### वार्षिक आमसभा सूचना पत्र

मण्डला सहकारी विपणन समिति मर्या. मण्डला पंजीयन क्रमांक-258 के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 25/08/2023 दिन शुक्रवार समय 01 बजे दिन को संस्था कार्यालय पडाव वार्ड मण्डला में नि नलिखित विषयों पर विचारार्थ आयोजित की गई है।

गुणपूर्ती के अभाव में स्थगित बैठक की कार्यवाही निर्धारित समय के आधा घण्टे पश्चात उसी दिनांक एवं स्थान पर वर्णित विषयों पर विचारार्थ आरंभ की जावेगी। स्थगित बैठक के लिये गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

**अतः आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।**

**(के. पी. यादव)**
**मण्डला सहकारी विपणन समिति मर्यादित मण्डला**

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297